# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

# KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

**Malleshwaram, Bengaluru-560003.**

## 2025-26ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ–4

## S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER -4 : 2025-26

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT: **Third Language Hindi**

| | |
|---|---|
| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: **61H** | **Subject Code: 61H** |
| ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ ] | **[Time : 3 Hours** |
| ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80 ]** | **[ Max. Marks : 80** |

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 x1=8

1. 'विश्वास ' शब्द का विलोम रूप है –
   (A) श्वास (B) अविश्वास
   (C) निश्वास (D) अति विश्वास
2. 'भाई ' शब्द का अन्यलिंग रूप है –
   (A) माई (B) बहनोई
   (C) भाईजान (D) बहन
3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –
   (A) नौकाएँ (B) नौका
   (C) नदी (D) नाला
4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक शब्द है –
   (A) गिरावट (B) गिरना
   (C) गिर (D) गिराना
5. 'गिरीश' शब्द में संधि है –
   (A) गुण (B) वृद्धि
   (C) दीर्घ (D) यण
6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –
   (A) राजमहल (B) दिन-रात
   (C) बारहमासा (D) आजीवन
7. बड़ा अच्छा सावाल है ! -वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
   (A) अल्प (B) पूर्ण
   (C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक
8. दोस्तों ने साँप ______रोका । रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –
   (A) का (B) ने
   (C) को (D) में

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4**

9. रामानंद शास्त्री : पक्षी लक्ष्मण शास्त्री :: अब्दुल कलाम : __________ ।
10. गोमटेश्वर की प्रतिमा : श्रवण बेलगोल :: गोलगुंबज : _________।
11. दोस्तों की पहली मुलाकत : हाथी से : : दोस्तों की आखरी मुलाकत : __________।
12. भोला-भाला : कृष्ण :: चुगलखोर : __________।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4**

13. लेखक का जी क्यों ललचाया ?
14. दोनों दोस्तों ने क्या तय किया ?
15. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
16. दया किसका मूल है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16**

17. 'कश्मीरी सेब' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?
18. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?
19. लेखक परसाई जी ने कमरा छोडने का निर्णय क्यों लिया ?
20. पांच हजार रूपये मिलने पर मोहन क्या सोचता है ?
21. कवि दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?
23. शनि को शनैश्चर क्यों कहते हैं ?

    अथवा

    शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?
24. सत्य के बारे में महात्मा गाँधीजी का कथन क्या है ?

    अथवा

    अकुल ने मीना मेडम से क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27**

25. लेखिका की गैर हाजरी में गिल्लू ने दिन कैसे बिताए ? बताइए ।
26. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? समझाइए ।
27. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए ।
28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने अपनी भावनाओं को कैसे व्यक्त किया ? वर्णन कीजिए ।
29. बेंगलूरु विश्वभर में क्यों प्रसिद्ध है ? बताइए ।
30. कवि ने मातृभूमि की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।
31. कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए ।
32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

    राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>
    तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ॥

**33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

इंटरनेट द्वारा घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इससे दूकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8**

34. बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

पं. राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..................................................
.................................................................
.................................................................
..................................................भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लीखिए : 4x1=4**

36. पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं । वे न केवल हमें जानकारी देती हैं, बल्कि हमारे सोचने की शक्ति को भी बढ़ाती हैं । पढ़ने की आदत हमें अनुशासित और समझदार बनाती है । जो छात्र पुस्तकें पढ़ने में रुचि रखते हैं, वे जीवन में अधिक सफल होते हैं । आजकल मोबाइल और इंटरनेट के कारण बच्चों में पढ़ने की आदत कम होती जा रही है, जो चिंता का विषय है । इसलिए हमें बच्चों को पुस्तकों के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए ।

अ) पुस्तकें हमारी किस शक्ति को बढ़ावा देती हैं ?
आ) पढ़ने की आदत हमें क्या बनाती है ?
इ) कौन-सा छात्र जीवन में अधिक सफल होता है ?
ई) आजकल बच्चों में पढ़ने की आदत क्यों कम हो रही है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 4x1=4**

37. क) ग्राम सुधार

- प्रस्तावना
- ग्राम सुधार का महत्व
- ग्राम सुधार के लिए सुझाव
- उपसंहार

ख) कर्नाटक राज्य की विशेषताएँ

- प्रस्तावना
- प्राकृतिक विशेषताएँ
- औद्योगिक प्रगति
- सांस्कृतिक और साहित्यिक विशेषताएँ
- उपसंहार

ग) स्वच्छता अभियान

- प्रस्तावना
- स्वच्छता का महत्व
- अभियान सफल बनाने के लिए सुझाव
- उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 5x1=5**

38. अपनी बड़ी बहन की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी माँगते हुए अपने मुख्याध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

अथवा

परीक्षा तैयारी के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

*****************